AusNet

आपका गैस मीटर और आपके बिलों का शुल्क

गैस मीटर रीडिंग्स और मीटर के उपयोग से आपके बिलों पर असर पड़ सकता है, खासकर सर्दियों के महीनों में। इसे प्रबंधित करने का तरीका यहाँ बताया गया है।

आपकी संपत्ति पर गैस मीटर रीडर्स

आपका गैस मीटर आपकी संपत्ति पर उपयोग की जाने वाली गैस की मात्रा को रिकॉर्ड करता है। हरेक दो महीनों में हमारे मीटर रीडर्स द्वारा गैस मीटरों को पढ़ा जाता है। यह रीडिंग आपके रिटेलर को भेजी जाती है, जो आपके लिए इस उपयोग का शुल्क लागू करता है।

यह आपके गैस बिल को कैसे प्रभावित करता है

यदि मीटर रीडर्स आपके गैस मीटर तक सुरक्षित रूप से नहीं पहुंच पाते हैं, तो वे आपके गैस रिटेलर को बिल्कुल सही रीड नहीं भेज सकते हैं। तब इसके बजाय आपका रिटेलर अनुमान लगाएगा कि आपने कितनी गैस का उपयोग किया है।

यह आपके बिल को दो तरह से प्रभावित कर सकता है:

1. अनुमानित रीडिंग आपके उपयोग से अधिक हो सकती है, इसलिए आपका बिल अधिक हो सकता है।

2. अनुमानित रीडिंग आपके वास्तविक उपयोग से कम है। जब आपका मीटर अगली बार पढ़ा जाता है, तो आपके बिल्स और उस बिलिंग अवधि में आपके उपयोग के बीच किसी भी अंतर का शुल्क लागू किया जाएगा।

लोगों को इस समय अक्सर बिल को लेकर 'बिल शॉक' का अनुभव होता है, क्योंकि यह उपयोग के व्यवहार में किसी भी स्पष्ट परिवर्तन के बिना पिछले बिलों की तुलना में काफी अधिक होता है।

यदि आपने गैस के अपने उपयोग में बदलाव किया है - खासकर अगर मौसम ठंडा हो - या यदि आप गैस का कम उपयोग कर रहे/ही हैं, तो अनुमानित रीडिंग में यह प्रदर्शित नहीं होगा।



ausnet.com.au/gas-hindi पर और अधिक जानकारी प्राप्त करें।

आप इसका प्रबंधन कैसे कर सकते/ती हैं?

1. अपनी नियत रीडिंग तिथि को अपने गैस मीटर तक सुरक्षित और अबाधित आवाजाही उपलब्ध कराएँ

आपको अपने गैस बिल पर अपने गैस मीटर की अगली रीडिंग की तिथि मिल सकती है। अधिकांश गैस मीटर घर के बाहर लगे होते हैं, आमतौर पर आपके घर के कोने पर, जहाँ आवाजाही आसान हो और हवाप्रवाह पर्याप्त हो।

कृपया मीटर पढ़े जाने की अवधि के दौरान सुनिश्चित करें कि:

- सभी पालतू पशु बंधे हुए हैं
- वहाँ कोई घने पेड़-पौधे या कीड़े नहीं हैं, जो मीटर को ढकते हैं या पढ़ने में बाधा पैदा करते हैं
- ऐसे कोई बंद गेट नहीं हैं, जो आपके मीटर तक आवाजाही में बाधा पैदा करते हैं
- ऐसे कोई अस्थायी निर्माण या लैंडस्केपिंग नहीं हैं, जो आपके मीटर तक आवाजाही को अवरुद्ध करते हैं
- स्किप बिन्स या अर्थवर्क्स जैसी कोई रुकावटें नहीं हैं, जो आपके मीटर को अवरुद्ध करती हैं

हमारे मीटर रीडर्स दूर से दिखाई देने वाली पीली शर्ट्स पहनते हैं, जिनकी पीठ पर 'METER READER' छपा होता है।

वे आपके दरवाजे पर दस्तक देकर यह नहीं बताएँगे कि वे आपका मीटर पढ़ रहे हैं, क्योंकि वे एक मिनट से भी कम समय में ऐसा करते हैं। यदि वे आपको अपने सामने के यार्ड में थोड़े समय के लिए दिखाई देते हैं, तो चिंतित न हों।

यदि आप पुष्टि करना चाहते/ती हैं, तो उनके पास यह साबित करना वाला आईडी होता है कि वे AusNet के प्रतिनिधि हैं, और जब वे आपकी संपत्ति पर हों तो आप किसी भी समय इसे देखने के लिए कह सकते/ती हैं।

2. यदि आप आवाजाही उपलब्ध नहीं करा सकते/ती हैं, तो सेल्फ-रीड जमा करने का प्रयास करें।

यदि रीडिंग प्राप्त करने के लिए हमारे मीटर रीडर्स आपके गैस मीटर तक सुरक्षापूर्वक नहीं पहुंच पाते हैं, तो आप अपने गैस रिटेलर के पास अपनी मीटर रीडिंग खुद जमा करने का प्रयास कर सकते/ती हैं, ताकि आपके बिल्स बिल्कुल सही रहें।

अधिकांश रिटेलर्स के पास सेल्फ-रीड्स के लिए अपनी अलग-अलग प्रक्रिया होती है - कुछ के पास ऑनलाइन पोर्टल, फॉर्म या ईमेल पते होते हैं। यह देखने के लिए कि क्या वे यह सेवा प्रदान करते हैं, और अधिक जानकारी के लिए अपने गैस रिटेलर की वेबसाइट देखें।

गैस मीटर को भौतिक रूप से पढ़ना होता है, लेकिन विक्टोरिया में अधिकांश बिजली के मीटर 'स्मार्ट' मीटर हैं। इसका अर्थ है कि आपके बिल से पूर्व अधिकांश बिजली मीटर रीडिंग्स को आपके बिजली रिटेलर के पास डिजिटल रूप से भेजा जाता है और आपको आवाजाही उपलब्ध कराने की आवश्यकता नहीं है।

अगर आपको ऊँचा बिल मिलता है, तो क्या करें

यदि आपको गैस या बिजली का ऊँचा बिल मिलता है, तो घबराएँ नहीं। जितनी जल्दी हो सके अपने रिटेलर को कॉल करें और वे आपको भुगतान योजनाओं के माध्यम से समर्थन दे सकते हैं और जांच कर सकते हैं कि क्या आपके लिए किसी रियायत की पात्रता उपलब्ध है।

यह जाँचे करें कि क्या आप सबसे अच्छी उपलब्ध ऊर्जा योजना पर हैं

अन्य रिटेलरों के साथ अपनी गैस और बिजली योजनाओं की तुलना करने के लिए विक्टोरियन एनर्जी कम्पेयर की वेबसाइट पर जाएँ। रिटेलर को नि:शुल्क रूप से बदला जा सकता है। यह आपकी ऊर्जा आपूर्ति को बाधित नहीं करेगा, यह आपके पैसों की बचत कर सकता है और आपका नया रिटेलर आपकी ओर से आपके पुराने रिटेलर को सूचित करेगा।